# छोड़ ना देना सांवरे | BY Tezi Brothers

छोड़ ना देना सांवरे कभी कलाई मेरी
छोड़ ना देना सांवरे कभी कलाई मेरी
तू मेरी जागीर है बाबा तू ही कमाई मेरी
छोड़ ना देना सांवरे कभी कलाई मेरी
बन के चलना साथ मेरे तू परछाई मेरी
तू मेरी जागीर है बाबा तू ही कमाई मेरी
छोड़ ना देना सांवरे कभी कलाई मेरी

सांवरे..... सांवरे.........
सांवरे..... सांवरे.........

मेरे भरोसे की बाबा हार ना होने देना
कम मेरे परिवार से अपना प्यार ना होने देना
लखदातार कभी मुझको लाचार ना होने देना
यूँ ही बचा लेना जैसे अब तक लाज बचाई
तू मेरी जागीर है बाबा तू ही कमाई मेरी
छोड़ ना देना सांवरे कभी कलाई मेरी

सांवरे..... सांवरे.........
सांवरे..... सांवरे.........

मुझे जिताना है तूने ही सुन हारे के सहारे
रूठ गए हैं अब मुझसे अपने बेगाने सारे
इत्र चढ़ा कर मित्र बनाया है तुझको प्यारे
मुझे पता है चाहि तूने मेरी सदा भलाई
तू मेरी जागीर है बाबा तू ही कमाई मेरी
छोड़ ना देना सांवरे कभी कलाई मेरी

सांवरे..... सांवरे.........
सांवरे..... सांवरे.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9b%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-tezi-brothers/